(327)

प्रेषक,

राजीव सिंह
विशेष न्यायाधीश (ई.सी.एक्ट)
अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश
न्यायालय सं. 4 पीलीभीत।

सेवा में,

श्री रोहित अग्रवाल, एच.जे.एस.
ज्वाइन्ट रजिस्ट्रार (ज्यूडिशियल)(बजट)
माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद।

द्वारा,

माननीय जनपद न्यायाधीश,
पीलीभीत।

विषय– **पत्रांक सं. 3592/IV/एडमिन.(ए–4)/दिनॉक 26.03.22 के सम्बंध मे आख्या।**

महोदय,

माननीय उच्च न्यायालय के पत्रांक सं. 3592/IV/एडमिन.(ए–4)/दिनॉक 26.03.22 के अनुक्रम मे निवेदन है कि प्रार्थी ने उच्चतर न्यायिक सेवा परीक्षा 2018 के भाग तृतीय मे उत्तीर्ण होने के उपरान्त दिनॉक 18.03.2020 को न्यायिक सेवा में ज्वाईन किया है। मेरे द्वारा न्यायिक सेवा मे ज्वाईनिंग से पूर्व का अपना प्रापर्टी स्टेटमेंट दिनॉक 02.08.2020 को ई–सर्विस ऐप के द्वारा उचित माध्यम एवम् निर्धारित प्रारूप पर अपलोड किया जा चुका है।

इस प्रकार माननीय उच्च न्यायालय के उपरोक्त पत्रांक के अनुसार वित्तीय वर्ष 2018–2020 या 2019–2021 के अंतर्गत आने वाले प्रार्थी की चल व अचल सम्पत्ति का विवरण, माननीय उच्च न्यायालय के पत्रांक सं. 14325/IV-h-16/एडमिन.(ए–4)/दिनॉक 03.12.2021 के अनुपालन मे प्रार्थी द्वारा भूलवश ई–सर्विस ऐप के द्वारा उचित माध्यम एवम् निर्धारित प्रारूप पर अपलोड नही किया जा सका।

यह कि प्रार्थी की उच्चतर न्यायिक सेवा मे ज्वाइनिंग दिनॉक 18.03.2020 को हुई है इस प्रकार प्रार्थी वित्तीय वर्ष 2019–2021 के अंतर्गत आता है।

अतः प्रार्थी द्वारा दिनॉक 18.03.2020 से दिनॉक 31.03.2020 एवम् 01.04.2020 से दिनॉक 31.03.2021 तक का अपना प्रापर्टी स्टेटमेंट ई–सर्विस ऐप के द्वारा उचित माध्यम एवम् निर्धारित प्रारूप पर दिनॉक 31.03.2022 को अपलोड कर प्रेषित किया जा रहा है।

यह कि प्रार्थी के द्वारा अपना चल एवम् अचल सम्पत्ति का विवरण प्रथम ज्वाईनिंग दिनॉक 18.03.2020 को होने के कारण समयावधि के अन्तर्गत अपलोड नही किया जा सका प्रार्थी द्वारा जानबूझकर कोई देरी या त्रुटि नही की गयी है फिर भी जिसके लिए प्रार्थी क्षमा याचना करता है और आश्वस्त करता है कि भविष्य मे प्रार्थी के स्तर से इस प्रकार का विलम्ब कारित नही होगा।

आख्या श्रीमान् जी की सेवा मे सादर प्रेषित है।

दिनॉक : 31.03.2022

भवदीय
31/03/2022
(राजीव सिंह)
विशेष न्यायाधीश (ई.सी.एक्ट)
अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश
न्यायालय सं. 4 पीलीभीत।

Administrative Section
No. 539/II Dated: 31.03.2022
Forwarded
District Judge
Pilibhit